## राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समारोह का समापन

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में **"हिन्दी पखवाड़ा"** समारोह का समापन 30 सितम्बर, 2024 को ब्यूरो के सम्मेलन कक्ष में माननीय निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील की अध्यक्षता में किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव श्री सतेन्द्र कुमार ने "हिन्दी पखवाड़ा" समारोह के आयोजन के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की गतिविधियों के बारे में सभागार में उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया-

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 14 सितंबर से 30 सितंबर, 2024 तक **"हिन्दी पखवाड़ा"** समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ और कार्यक्रम आयोजित किए गए-

- ब्यूरो में 14 सितंबर, 2024 को **"हिन्दी पखवाड़ा"** समारोह के बैनर और माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, श्री शिवराज सिंह चौहान जी के हिन्दी दिवस 2024 संदेश वाले पोस्टरों को ब्यूरो के मुख्य स्थानों पर लगाया गया तथा ब्यूरो के कर्मचारियों ने राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी **राजभाषा प्रतिज्ञा** ली।

- चित्र देखकर संबधित महापुरुष/स्थान/एतिहासिक क्षण या स्थान के बारे में अभिव्यक्ति संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन 17 सितंबर, 2024 को किया गया। इस प्रतियोगिता में सोलह प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर, 2024 को किया गया। इस प्रतियोगिता में पाँच प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- ब्यूरो में 24 सितंबर, 2024 को **"विशेष हिन्दी दिवस"** मनाया गया इसके अंतर्गत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.), यलहंका, बेंगलूरु से मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित, सहायक कमांडेंट, श्री सुधीर कुमार, ने एक हिन्दी व्याख्यान **"सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के सुलभ प्रयोग तथा कार्यस्थल पर होने वाले तनाव और उनके प्रबंधन"** विषयों के माध्यम से सम्मेलन कक्ष में उपस्थित प्रतिभागियों को बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी।

- ब्यूरो में 24 सितंबर, 2024 को **"विशेष हिन्दी दिवस"** कार्यक्रम के दौरान हिन्दी मुहावरों को अभिव्यक्ति व्यक्त करना संबंधित प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें बीस प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

- द्विभाषी टिप्पणी और आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन 25 सितंबर, 2024 को किया गया। इस प्रतियोगिता में सात प्रतिभागियों ने भाग लिया

- आज 30 सितंबर, 2024 को हिन्दी गाना गायन/कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नौ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**"हिन्दी पखवाड़ा"** समापन समारोह के अवसर पर ब्यूरो के माननीय निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील के कर कमलों से प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों और उत्साहवर्धन करने के लिए अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया।

ब्यूरो के माननीय निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें संवैधानिक दायित्वों को अपनाते हुए राजभाषा हिन्दी में अपने सभी सरकारी कार्यों को करना चाहिए। उन्होनें हिन्दी पखवाड़ा समारोह के दौरान कर्मचारियों के उत्साहपूर्वक लेने के लिए धन्यवाद और हार्दिक बधाई व्यक्त की।

माननीय निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील ने ब्यूरो में "हिन्दी पखवाड़ा" का सफल आयोजन करने पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को बधाई दी।

**"हिन्दी पखवाड़ा"** समापन समारोह का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने किया।












**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समापन समारोह के अवसर पर लिए गए फ़ोटो**















राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समापन समारोह के अवसर पर लिए गए फ़ोटो
















**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समापन समारोह के अवसर पर लिए गए फ़ोटो**















**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समापन समारोह के अवसर पर लिए गए फ़ोटो**




राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समापन समारोह के अवसर पर लिए गए फ़ोटो




**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समापन समारोह के अवसर पर लिए गए फ़ोटो**






**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समापन समारोह के अवसर पर लिए गए फ़ोटो**